हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025

04 सजना के लिए सजने की तैयारी, करवा चौथ का...



07 सीएम के रोड शो में बाधा न बन जाए जर्जर सड़के और...





**खबर संक्षेप**

### सुरखी में अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों के सर्वे के लिए दल गठित

**सागर।** विधानसभा क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने त्वरित कार्रवाई के लिए कलेक्टर और एसडीएम को अवगत कराया था। जिसके बाद क्षेत्र में फसलों की क्षति का सर्वे करने के लिए एक विशेष दल का गठन किया गया है। यह दल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर किसानों की फसलों को हुए नुकसान का विस्तृत आकलन करेगा, ताकि प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा प्रदान किया जा सके। मंत्री राजपूत ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील है और उनकी हर संभव सहायता की जाएगी। सर्वे दल में कृषि विभाग के अधिकारी, राजस्व विभाग के कर्मचारी और स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि शामिल हैं, जो शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। सुरखी क्षेत्र के किसानों ने उम्मीद जताई है कि सर्वे के बाद उन्हें समय पर राहत मिलेगी। अतिवृष्टि से क्षेत्र में सोयाबीन और अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

### निगमायुक्त ने 230 नामांतरण प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राज कुमार खत्री ने नामांतरण शाखा के 230 प्रकरणों को समय सीमा में एक साथ स्वीकृति प्रदान की। राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी ने बताया कि निगमायुक्त ने नामांतरण शाखा में रजिस्ट्री, फौती एवं बैनामा के नामांतरण प्रकरणों का गुरूवार को निराकरण कर एक साथ 230 प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि राजकुमार खत्री ने नगर निगम में लंबे से अस्वीकृत प्रकरण जिनमें कुछ दस्तावेजों की कमी थी उन दस्तावेजों की पूर्ति संबंधित व्यक्तियों से कराकर उन्हें स्वीकृति प्रदान की थी, जिस कारण नामांतरण शाखा में अब लंबित प्रकरणों की संख्या लगभग समाप्त हो चुकी है। निगमायुक्त ने राजस्व अधिकारी को निर्देश दिये हैं कि नामांतरण प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में किया जाए, आवेदन के साथ जो महत्वपूर्ण दस्तावेज आवश्यक रूप से जमा करना होते हैं उनका परीक्षण करने के उपरांत ही नामांतरण को जमा किया जाये जिससे नागरिकगण बेवजह परेशान न हो और उनके नामांतरण प्रकरण का निराकरण समय सीमा में किया जा सकें।

### स्वरोजगार हेतु ऋण आवेदन आमंत्रित

**सागर।** म.प्र.शासन की अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले में बैंक के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण व शासन द्वारा ब्याज अनुदान सहायता का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना योजनांतर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि रू. 10,000/- से 1,00,000/- रूपये तक की बैंक सहायता प्रदान की जायेगी। ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित जोन पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जाएगा साथ ही नियमानुसार सी.जी.टी.एम.एस.ई. (गारंटी शुल्क) शासन द्वारा दिया जावेगा। पात्र आवेदक अनूसूचित जाति वर्ग का हो, जिले का मूल निवासी हो एवं आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो, शैक्षणिक योग्यता आवश्यक नहीं। दस्तावेजों में स्थायी जाति, निवास, आय, आधार, फोटो, पेनकार्ड, समग्र आई. आवश्यक होंगे। आवेदन समस्त एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किये जा रहे हैं।

**राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन है**

## खुरई में 12 अक्टूबर को आयोजित संघ के पथ संचलन में सभी कार्यकर्ता शामिल हों: पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पथ खुरई नगर में आयोजित पर संचलन में सभी कार्यकर्ता सम्मिलित हों, खुरई की जनता इस अवसर पर विशेष सजावट कर पथ संचलन का सभी स्थानों पर स्वागत करें। यह अपील पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं व खुरई की जनता से की है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह यहां मुख्यमंत्री दीनदयाल रसोई केंद्र के निरीक्षण व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हेतु पहुंचे। उल्लेखनीय है कि खुरई नगर पालिका के पीछे प्रांगण में स्थित दीनदयाल रसोई केंद्र को नगरीय विकास मंत्री रहते हुए पूर्व गृहमंत्री सिंह ने ही स्वीकृत कर खुलवाया था। उन्होंने यहां पहुंच कर गरीबों को मात्र 5 रुपये में भरपेट भोजन की व्यवस्थाएं देखीं। उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि 12 अक्तूबर को खुरई नगर में निकाले जा रहे पथ संचलन में वे स्वयं भी सम्मिलित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन है। इस संगठन की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण हुए हैं। इस अवसर पर देश व दुनिया में अनेक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी शुभ अवसर पर खुरई में भी संघ का पथ संचलन निकाला जाएगा जिसके स्वागत के लिए सभी खुरईवासी विशेष तैयारियां कर रहे हैं। पथ संचलन मार्ग पर विशेष सजावट, घरों के सामने रंगोली और पुष्प वर्षा से सभी पथ संचलन का स्वागत करेंगे। बैठक में पूर्व गृहमंत्री सिंह ने प्रांगण के हिस्से में संचालित मीट मार्केट को शिफ्ट करने के निर्देश सीएमओ को दिए।




पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने जनपद पंचायत कार्यालय खुरई में समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि खुरई विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों ,नगरपालिका व सभी नगर परिषद क्षेत्रों में दीपावली पर्व को देखते हुए 13 अक्तूबर से 18 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान चला कर सभी स्कूलों व शासकीय भवनों की पुताई सफाई हो। बैठक स्थल पर उन्होंने जन प्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं व जनसामान्य को बुलाया और उन सभी की समस्याओं को सुन कर समाधान किया।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने यहां की कृषि उपज मंडी स्थित खाद वितरण केंद्र पहुंचे और खाद वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने एसडीएम मनोज चौरसिया सहित सभी अधिकारियों को मौके पर ही बुला कर निर्देश दिए कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो। खाद वितरण में असुविधा न हो। उन्होंने वितरण काऊंटरों की संख्या बढ़वाई तथा महिलाओं के लिए अलग से वितरण काऊंटर बनवाया।

जनपद में बैठक के दौरान खुरई जनपद अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष जमना प्रसाद अहिरवार, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह नगदा, नगरपालिका अध्यक्ष नन्हीं बाई, जनपद सीईओ मीना कश्यप उपस्थित रहे। दीनदयाल रसोई परिसर में नगर भाजपा मंडल व महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।



### नगर निगम कर्मचारी संघ ने महापौर, निगम अध्यक्ष एवं निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपा

**सागर।** नगर निगम कर्मचारियों के वेतन, एरियस का भुगतान एवं पदोन्नति सहित विभिन्न मांगों के निराकरण हेतु म.प्र.न.पा./न.नि.कर्म.संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेन्द्र खटीक एवं समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री को ज्ञापन सौंपकर 13 अक्टूबर तक कर्मचारियों को दो माह का वेतन, पदोन्नति एवं पूर्व का बकाया एरियस दिये जाने की मांग की । नगर निगम/नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने कहा है कि 13 अक्टूबर तक अगर दो माह का वेतन, एरियस का भुगतान एवं पदोन्नति नहीं की जायेगी तो 14 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल की जायेगी। जिसके लिये नगर निगम प्रशासन स्वयं जिम्मेदार रहेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की पदोन्नति एवं पूर्व के बकाया एरियस के संबंध में बहुत लंबे समय से मांग की जा रही है लेकिन निगम प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे कर्मचारियों के अधिकारों का हनन हो रहा है। इसी प्रकार कर्मचारियों को प्रतिमाह समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है। अगर निगम प्रशासन द्वारा 13 अक्टूबर तक सभी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे जिसके लिए निगम प्रशासन जिम्मेदार रहेगा।

## 2021 से 2025 तक पंजीकृत अधिवक्ताओं का स्मृति चिन्ह व वेंड पहनाकर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर जिले के गढाकोटा में गुरुवार के दिन अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रकुमार वलेजा मुख्य अतिथि के रूप में,राष्ट्रीय प्रभारी माधव मालवीय विशिष्ट अतिथि एवं व्यवहार न्यायालय गढ़ाकोटा में पदस्थ पीठासीन अधिकारी अंबर श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य में अधिवक्ता संघ गढाकोटा में नवीन कनिष्ठ अधिवक्ताओ का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रकुमार वलेजा द्वारा वर्ष 2021 से 2025 तक पंजीकृत करीब 25 अधिवक्ता गणो का स्मृति चिन्ह व वेंड (सफेद कलर की पटटी) पहनाकर सम्मानित किया तथा इसके अलावा अधिवक्ता संघ गढाकोटा के अध्यक्ष जमील कुरैशी द्वारा सभी अतिथियो की उपस्थिति में वर्ष 2015 से 2025 तक के करीब 36 अधिवक्तागणो का नवीन धाराओ की भारतीय न्याय संहिता, भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य संहिता की संयुक्त बृहद किताब एवं पेन/कलम देकर व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।




इस अवसर पर अधिवक्तागण डी.पी. लड़िया सचिव, बहराम खान कोषाध्यक्ष, राजाराम कोरी पुस्तकालय अध्यक्ष सहित कार्य कारिणी सदस्य मनीषा सोनी, प्रदीप नेमा, महेन्द्र कुर्मी, वतन सोनी, हेम राज प्रजापति, टीकाराम पटैल, काशीराम कुर्मी सहित वरिष्ठ सदस्य जे.पी. चौदहा, अरूण मिश्रा,राम सजीवन चौबे, राजेन्द्र चौबे, विवेक भागवत, कैलाशनाथ श्रीवास्तव, संदीप कुर्मी जागेश्वर खरे, पी.एल. रावत, काशीराम कुर्मी, शशि कुमार खत्री, परषोत्तम कुर्मी, सतीश कुमार गुप्ता, सिद्धांत कुर्मी, अजय लोधी, विजय आठ्या, प्रियंका सोनी, दिव्यांशी सोनी, राजेश कुर्मी, रमन पाण्डेय, शेख शमशेर कुरैशी, आदित्य मिश्रा, पीयूष चौबे, प्रद्युम्न मिश्रा, सचिन अठभैया, मनोज साहू, अभिषेक साहू सहित संघ के लिपिक एवं न्यायिक कर्मचारीगण व वरिष्ठजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पुस्तकालय अध्यक्ष राजाराम कोरी ने किया व आभार सचिव डी.पी. लड़िया ने माना।

### महापौर ने कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण हेतु आज बैठक बुलायी

**सागर।** महापौर संगीता सुषील तिवारी ने नगर निगम के कर्मचारियों के मानवीय दृष्टिकोण एवं दीपावली पर्व को देखते हुये उनकी लंबित मांगो के संबंध में कर्मचारी संघों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुये कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान, एरियस, पदोन्नति क्रमोन्नति सहित अन्य मांगों के संबंध में 10 अक्टूबर को दोपहर 1.00 बजे महापौर कक्ष में राजेश सिंह राजपूत, प्रांतीय महामंत्री एवं प्रभारी सागर संभाग,वर्षा समद, म.प्र.न.नि./न.पा.नि.कर्म.संघ, हरेन्द्र खटीक नगर निगम कर्मचारी कल्याण मोर्चा एवं अध्यक्ष सफाई कामगार यूनियन नगर शाखा जिला सागर के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई है। बैठक में महापौर द्वारा कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर कर्मचारियों की समस्याओं का उचित निराकरण किया जायेगा।

### स्मार्ट मीटर लगाये जाने की अवधि 31 मार्च 2028 तक बढ़ाई

**सागर।** बिजली कंपनी द्वारा शहर में लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर को लगाये जाने के संबंध में स्पष्ट है कि भारत सरकार विद्युत मंत्रायल द्वारा विगत 16 जुलाई को जारी अधिसूचना के माध्यम से देश भर में स्मार्ट मीटर की स्थापना हेतु समय सीमा का 31 मार्च 2028 तक विस्तार किया गया है । अधीक्षण अभियंता चन्द्ररेखा प्रभाकर ने जानकारी देते हुये बताया कि भारत सरकार का यह निर्णय देश भर में आरडीएस एस योजना के क्रियान्वयन को सुसंगत तरीके से सुनिश्चित करने हेतु लिया गया है। इन्होने कहा कि कतिपय समाचार पत्रों द्वारा भ्रामक खबरें प्रचारित की गई थी। कि स्मार्ट मीटर लगाने के अभियान को उपभोक्ताओं के विरोध के कारण रोक/टाल दिया गया है यह खबर सरासर गलत है स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान लगातार जारी है।इस योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा डिस्कॉम को रू. 900 प्रति मीटर अनुदान प्रदान की जायेगी। भारत सरकार द्वारा रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम योजना के अंतर्गत को दिये जा रहे अनुदान की समय सीमा 2028 तक बढ़ा दी गई है। यह केबल अनुदान की समय-सीमा बढ़ाने से संबंधित है और इसका उपभोक्ताओ के विरोध से कोई संबंध नहीं है उक्त अधिसूचना के अनुरूप मध्य प्रदेश नियामक आयोग ने भी राज्य में स्मार्ट मीटर स्थापना की समय-सीमा को मार्च 2028 तक बढ़ाने की अनुमति दी है, ताकि परियोजना को सुचारू रूप से तथा चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को अधिक पारदर्शिता, बिलिंग की सटीकता एवं ऊर्जा प्रबंधन में सुविधा प्राप्त हो रही है।

**नगर के मुख्य मार्गों पर चल रहे पौधारोपण अभियान का किया निरीक्षण**

## विधायक शैलेंद्र जैन ने किया पौधारोपण, कहा पर्यावरण संरक्षण मेरे लिए आस्था का विषय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने आज नगर में चल रहे पौधारोपण अभियान के तहत मुख्य मार्गों पर लगाए जा रहे पौधों का निरीक्षण किया और स्वयं भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर निगम अधिकारियों, इंजीनियरों एवं ठेकेदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पौधारोपण मेरे लिए सिर्फ एक कार्य नहीं, बल्कि आस्था और जिम्मेदारी का विषय है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।विधायक जैन ने कहा कि आज के समय में हरियाली और स्वच्छ पर्यावरण मानव जीवन की मूल आवश्यकता बन चुके हैं। शहर में बढ़ते प्रदूषण और गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए सघन पौधारोपण अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लगाए गए पौधों की संरक्षा, नियमित सिंचाई और देखभाल सुनिश्चित की जाए ताकि उनका जीवित प्रतिशत अधिक से अधिक रहे।



उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों को इस अभियान से जुड़कर एक-एक पौधे को अपना दायित्व मानना चाहिए, तभी यह अभियान सफल होगा। यदि हर नागरिक एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो सागर को हराभरा बनाने का हमारा संकल्प निश्चित रूप से पूरा होगा।

निरीक्षण के दौरान विधायक जैन ने कई स्थलों पर चल रहे पौधारोपण कार्यों की प्रगति देखी और जिन स्थानों पर पौधे सूख गए या क्षतिग्रस्त पाए गए, वहां नए पौधे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अभियान को शहर की सुंदरता, पर्यावरण संतुलन और जन जागरूकता से जुड़ा महत्त्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर नगर निगम के इंजीनियर, ठेकेदार, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



### श्री णमोकार तीर्थ में अंतर्राष्ट्रीय पंचकल्याणक महा महोत्सव में संयोजक नियुक्त हुए श्रेयांस जैन

**सागर।** महाराष्ट्र प्रदेश के नासिक जिले में स्थित अतिशय क्षेत्र श्री णमोकार तीर्थ क्षेत्र में आगामी 06 फरवरी से 25 फरवरी तक गणधराचार्य श्री 108 कुंथुसागर जी महाराज के मंगल आशिर्वाद एवं प्रज्ञाश्रमण सरस्वताचार्य सर्वोदयी राष्ट्र संत 108 आचार्य श्री देवनन्दी जी महाराज के मंगल सानिध्य में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पंचकल्याण प्राणप्रतिष्ठा एवं महामस्तकाभिषेक महोत्सव के लिए सागर निवासी श्रेयांस जैन को बुंदेलखण्ड क्षेत्र के लिए संयोजक बनाया गया है। साथ ही जैन अखिल भारतीय गोलापूर्व महासभा में राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति उपरांत बुंदेलखण्ड गुरुभक्त परिवार द्वारा श्रेयांस जैन का सम्मान कर बधाई दी गई है। इस अवसर पर राकेश गोदरे, जिनेन्द्र जैन, विपिन जैन, रविकांत सेठ, अमित चौधरी, जय कुमार जैन, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन व गुरु भक्त मण्डल परिवार के सदस्य गण शामिल हुए।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर संभागीय कार्य शाला का आयोजन 13 अक्टूबर को

**सागर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अध्यादेश क्रमांक 14 (1) एवं (2) के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 13 अक्टूबर को सागर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शास्त्री कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में किया जाना है । इस कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक सागर संभाग,उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गई विविध समितियों के संयोजकों एवं सदस्यों की एक बैठक क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, सागर संभाग डॉ. नीरज दुबे, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. रामकुमार गोस्वामी, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ.भावना यादव, प्राचार्य शासकीय कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय डॉ. आनंद तिवारी, प्राचार्य शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय डॉ. सरोज गुप्ता, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया के प्राचार्य डॉ.ए. सी जैन तथा समितियों के संयोजक एवं सदस्य उपस्थित रहे । अतिरिक्त संचालक डॉ नीरज दुबे ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग के उज्जैन, ग्वालियर संभागों में इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन किया जा चुका है और सागर संभाग में उनसे बेहतर कार्यशाला का आयोजन कराने की चुनौती हमारे समक्ष है। हम सब यदि टीम भावना से काम करें तो इस आयोजन को उदाहरण योग्य बना सकते हैं । ओएसडी आर के गोस्वामी ने कहा कि हमें इस कार्यशाला को सुव्यवस्थित आयोजित करते हुए भव्य एवं उच्च स्तरीय बनाना है कार्यशाला के उद्देश्य एवं उनका प्राप्त करने के लिए हमारे प्रयास कार्यशाला को सफल बनाएंगे।

### कलेक्टर ने किसानों से अपील की 17 अक्टूबर तक कराएं पंजीयन

**सागर।** भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेंमेन्ट स्कीम प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अन्तर्गत अधिसूचित तिलहनी सफल (सोयाबीन) हेतु भावान्तर योजना वर्ष 2025-26 संचालित की जा रही है। योजनान्तर्गत किसानों को मण्डी में सोयाबीन विक्रय पर मॉडल रेट एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य के अन्तर की राशि का भुगतान कर किसान भाईयों को सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य उपलब्ध कराना मुख्य उददेश्य है।कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले के किसान भाईयो से अपील की है कि उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु किसान भाई अपनी सोयाबीन उपज का पंजीयन जिले की सेवा सहकारी समिति के साथ ही ग्राहक सेवा केन्द्र एवं एमपी किसान एप पर दिनांक 17-10-2025 तक किया जा सकता है। भावान्तर योजना अन्तर्गत किसान भाई अपनी सोयाबीन उपज का मण्डी परिसर में दिनांक 24-10-2025 से 15-01-2026 तक विक्रय कर सकते है। योजनान्तर्गत जिले में पंजीयन हेतु चयनित सेवा सहकारी समितियां जिसमें विकासखण्ड सागर अन्तर्गत प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कर्रापुर, केरबना, जरूवाखेडा, जैरई, सुरखी, चतुर्भटा, डुगासरा, मोकलपुर, सानोधा, बन्नाद बम्होरी, पामाखेडी एवं विपणन समिति मण्डी सागर, विकासखण्ड जैसीनगर में हडाकदेंला, पनारी, जैसीनगर, बिलेहेरा, सेमाढाना, सहजपुर बुजूर्ग, विकासखण्ड खुरई में बारधा, सिलौधा, खजराहचन्द्र, गढोला जागीर, बरोदिया नौनगर, खिमलासा, विकासखण्ड मालथौन में अटाटीला, सेमरा लोधी, खटोराकला, उजनेट, सागोनी, भानगढ, किरार्वदा, बीना इटवा सहित कुल 90 सेवा सहकारी समितियों, सीएससी सेन्टर एवं एमपी किसान एप के माध्यम से पंजीयन करा सकते है।




### अवैध मांस विक्रेताओं के विरूद्व अभियान प्रारंभ

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत के नेतृत्व में सभी जोन प्रभारियों ने अपने-अपने जोनों के अंतर्गत आने वाले वार्डो में अवैध रूप से मांस, मछली का विक्रय करने वालों के विरूध्द कार्यवाही करते हुये मांस को जप्त कर नष्ट कराने की कार्यवाही की गई। जिसमें शुक्रवारी एवं शनिचरी एवं बल्लभनगर वार्ड में अवैध रूप से मांस विक्रय करने वाले ताहिर खान बल्द अब्दुल सलाम, भल्ला, निजाम एवं बंटी की दुकानों से मांस को जप्त कर नष्ट करानें की कार्यवाही की गई साथ ही दुकानों को बंद कराकर उनके मकान मालिकों को सख्त हिदायत दी गई कि पुनः मांस की दुकानें संचालित न हो अन्यथा संबंधित मकान मालिक के विरूध्द भी कार्यवाही की जायेगी।स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत ने बताया कि अवैध रूप से मांस विक्रय करने वालों के विरूध्द लगातार कार्यवाही की जायेगी, जिन लोगों ने अपने मकान में दुकानों को अवैध मांस विक्रय के लिये किराये पर दिया है ऐसे सभीकी सूची तैयार की जा रही है उनके विरूध्द भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## मंगेतर के साथ गई युवती से की गई मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पनारी में रहने वाली राधा कुशवाहा पत्नी सोहनलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि सोमवार की रात करीब 8 बजे उसकी पुत्री महक कुशवाहा अपने मंगेतर योगेश कुशवाहा के साथ दवाई लेने जा रही थी। तभी रास्ते में दीपेन्द्र साहू के अस्पताल के सामने वाली गली, देहरे के पास, नितिन पुत्र कल्याण, सेहद राजा पुत्र दुरख सिंह, राजाबाबू, हल्के पुत्रगण रामसिंह ने एकराय होकर उसकी पुत्री को देखकर अभद्रता की। विरोध करने पर उक्त लोगों ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट कर दी और उसकी पुत्री के के कान में जोरदार थप्पड़ मार दिया, जिससे वह घायल हो गयी। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसकी पुत्री की वीडियो भी वायरल करने व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## इंस्ट्राग्राम पर फेक आईडी से गंदे मैसेज भेजने का आरोप

**ललितपुर।** सोशल मीडिया के इंस्ट्राग्राम प्लेटफार्म पर तरह-तरह के मैसेज करते हुये छवि धूमिल करने का एक मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में पीड़ित युवक ने साइबर थाना सेल पुलिस को लिखित रूप से शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। प्रकरण को लेकर निकटवर्ती ग्राम बम्हौरी नांगल निवासी रामकिशोर पुत्र त्रिलोक यादव ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि उसके मोबाइल से इंस्ट्राग्राम आई.डी. बनी हुयी है, जिसे वह संचालित करता है। आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी फेक आई.डी. बनाकर उसकी आई.डी. पर गन्दे-गन्दे मैसेज डाले जा रहे हैं, जिससे उसकी छवि धूमिल हो रही है। साइबर थाना पुलिस ने रामकिशोर की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 352 व आई.टी. एक्ट की धारा 67 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## स्वदेशी वस्तुओं के प्रोत्साहन के लिए लगेगा मेला

**ललितपुर ।** उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने बताया हैं कि माननीय मुख्यमंत्री जी की अपेक्षानुसार दीपावली महापर्व पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं के क्रय हेतु स्थानीय हस्तशिल्पियों- कारीगरों एवं उद्यमियों द्वारा विभिन्न वस्तुओं की बिक्री/उत्पादों के प्रदर्शन हेतु असयुक्त एवं उ0प्र0 व्यापार प्रोत्साहन प्राधिकरण कानपुर के निर्देशानुसार दिनाँक 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 तक तुवन मंदिर परिषद में दिव्य एवं भव्य स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। मेले को रोचक एवं उल्लासपूर्ण बनाये जाने हेतु मेला अवधि सायं 5 बजे से 7:30 बजे तक स्थानीय कलाकरों के द्वारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराया जायेगा।

### बाजारों में की गई खरीदारी और लगवाई मेहंदी

# सजना के लिए सजने की तैयारी, करवा चौथ का व्रत आज, महिलाएं रखेंगी व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

करवाचौथ के चलते सजना के लिये सजने की तैयारी हेतु महिलाओ द्वारा खरीददारी की गई। जिसके लिये नगर में करवा चौथ व्रत को लेकर महिलाओं की भीड़ दुकानों पर उमड़ रही है। आज पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखने वाली महिलाएं चंद्रमा को अर्घ्य देंगी और पति की लंबी उम्र की कामना करेंगी। दरअसल करवा चौथ के लिए दो दिन पहले ही महिलाओं ने सजना शुरू कर दिया है। महिलाओं ने दो दिन पहले ही अपने हाथों पर मेहंदी सजवानी शुरू कर दी है। नगर के बड़ा बस स्टैंड एवं छोटा बस स्टैंड पर संचालित रंगोली ब्यूटी पार्लर, माही ब्यूटी पार्लर में जगह-जगह मेहंदी लगवाने के लिए महिलाएं पहुंच रही हैं। इस त्योहार को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा जा सकता है। करवा चौथ के त्योहार को लेकर महिलाओं ने बाजारों में जमकर खरीदारी की। ज्यादातर महिलाओं ने करवा चौथ के लिए कपड़ों, सजावट के अन्य सामान की सामग्री खरीदी। सुहागिन महिलाओं के अनुसार करवा चौथ का त्योहार सनातन धर्म की परंपरा है। इसमें हर सुहागिन अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है। हर महिला चाहती है कि पति पत्नी एक दूसरे के पूरक हैं। घरों में खुशियां लेकर आने वाला यह त्योहार पति पत्नी के बीच रिश्तों की डोर को मजबूत करता है।



### पुरुष भी उपहार में सोने-चांदी के आभूषणों में दिखा रहे दिलचस्पी



करवा चौथ व्रत के लिए सुहागिने महिलाएं ही नहीं उनके सुहाग यानी पुरुष भी महिलाओ के चेहरे पर रौनक़ लाने बाला उपहार देने की योजना बनाते देखे जा रहे हैं। वे अपनी पत्नियों के लिए गिफ्ट खरीद रहे हैं। इस बार ज्यादातर पुरुष सोने की बढ़ती कीमतो के चलते चांदी के आभूषण में ही ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे है। हालांकि सोने के आभूषणो की भी खरीददारी की जा रही है लेकिन इस वार चांदी के आभूषणो की मांग ज्यादा देखी गई। कोई सोने का मंगलसूत्र खरीद रहा है तो कोई सोने की चेन। सोने की अंगूठी, चांदी की पायजेब की भी काफी मांग है। इसके अलावा भी साड़ी, श्रृंगार, समेत अन्य दुकानों से लोग काफी गिफ्ट खरीद रहे हैं।

### तेज रफ्तार बाइक बनी जानलेवा

# डिवाइडर से टकराने पर चालक की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

तेज रफ्तार में वाईक चलाना एक वाईक चालक को जानलेवा साबित हुआ। नगर में बीते गुरुवार को दोपहर 1 बजे के लगभग एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल असंतुलित होकर डिवाइडर से जा टकराई। जिसके टकराने से वाईक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक एक सूरजपुरा मोहल्ला के पास नौगांव-जतारा रोड पर एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अचानक डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। नागरिकों के द्वारा तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने नक्शा पंचनामा इत्यादि तैयार करते हुए शव को पीएम कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। मृतक युवक की पहचान श्यामलाल पुत्र रामचरण कुशवाहा उम्र 43 वर्ष निवासी मुखररा थाना महाराजपुर जिला छतरपुर के रूप में की गई है। पुलिस के द्वारा घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई है।

## छात्र-छात्राओं को कॅरियर काउंसलिंग कराई गई

**ललितपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के तत्वावधान में 8 अक्टूबर को पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, तालबेहट जनपद-ललितपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया साथ ही कक्षा 10 से 12 तक की छात्राओं की कॅरियर काउन्सिलिंग भी करायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती जी के चित्र पर सभी अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया । विद्यालय की सहायक अध्यापिका प्रांजली गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया । आकांक्षा यादव, जिला रोजगार सहायता अधिकारी, द्वारा कॅरियर काउन्सिलिंग में उपस्थित छात्राओं को स्नातक उत्तीर्ण होने के उपरान्त सरकारी नौकरियां जैसे पुलिस, अध्यापिका, पी0सी0एस0 इत्यादि की भर्तियों की तैयारी के बारे में मार्गदर्शन दिया गया।

### शादी के दो माह बाद ही बहू को घर से किया बेदखल

# दहेज में एक लाख नकद व कार की मांग करने का आरोप, एसपी के आदेश पर दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत रहने वाली प्रभा पुत्री मुन्नालाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। बताया कि बीती 29 अप्रैल 2025 को उसकी शादी शहर क्षेत्र के मोहल्ला पठापुरा निवासी लखन पुत्र प्रकाश से हुयी थी। शादी में उसके परिजनों ने 2 लाख रुपये, मोटर साइकिल व संपूर्ण सामान दिया था। आरोप है कि शादी के दो माह के बाद ही ससुरालियों में पति लखन, ससुर प्रकाश, सास सियारानी, जेठ सोनू, जिठानी सेवन्ती व ननद वन्दना, नन्दोई बृजकिशोर निवासी ग्राम बारौन एकराय होकर आये और अतिरिक्त दहेज में चार पहिया गाड़ी व एक लाख रुपये की मांग करने लगे। विरोध करते हुये अपने परिजनों से कहने पर 12 जुलाई को उसके साथ मारपीट की गयी और उसे घर से बाहर निकाल दिया गया। महिला का आरोप है कि 19 जुलाई 2025 को अपराह्न करीब 2 बजे उक्त लोग चार पहिया वाहन से उसके घर आये और कहने लगे की कार व एक लाख रुपये का इंतजाम हो गया हो तो साथ चलो, अन्यथा यहीं रहो। महिला ने बताया कि ससुरालियों ने परिजनों से मारपीट कर कोरे कागजातों पर हस्ताक्षर करा लिये। शोरगुल सुनकर पड़ौसियों ने घर पहुंच कर उन्हें बचाया। मामले की तहरीर उसने थाना सौजना पुलिस को दी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। एसपी के आदेश पर थाना सौजना पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 333, 115 (2), 351 (3), 352 व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### संस्कार भारती का संगीत संध्या कार्यक्रम संपन्न हुआ

# धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**ललितपुर।** शरद पूर्णिमा, महर्षि बाल्मीकि जयंती एवं संत मीराबाई जयंती के उपलक्ष्य में संस्कार भारती के तत्वधान में संगीत संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुरुआत में उपस्थित सभी कलाकारों द्वारा महर्षि बाल्मीकि व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया। पं.मनमोहन संज्ञा द्वारा राग दुर्गा पर आधारित मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। उपरांत केशव सुल्लेरे द्वारा राग पीलू पर आधारित बुंदेली कजरी प्रस्तुत कर में खूब तालियां बटोरी। इसके उपरांत राजा अभिमन्यु तोमर संदेश परिहार एवं बृजमोहन संज्ञा, प्रभु दयाल संज्ञा, बृजेश तिवारी द्वारा विभिन्न राज




रागिनियों पर आधारित गीत और गजलें प्रस्तुत कर कार्यक्रम में देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। समापन पर परंपरागत तरीके से देर रात प्रसाद के रूप में उपस्थित सभी कलाकारों एवं श्रोताओं को खीर वितरित की गई। संचालन संस्कार भारती अध्यक्ष बृजमोहन संज्ञा ने व आभार महामंत्री के.के.पाठक व संरक्षक पं.प्रभुदयाल संज्ञा द्वारा संयुक्त रूप से जताया। इस दौरान नवीन भाई पटेल एड., चंद्रप्रकाश, नामदेव समाज अध्यक्ष दीपक पटवारी, कन्हैया नामदेव, मयंक संज्ञा, गोलू संज्ञा, साधना गोस्वामी, आशा पस्तोर, मयंक संज्ञा, गोलू संज्ञा, विजय, कृष्णकांत सोनी, पवन संज्ञा आदि मौजूद रहे।

### श्रीगुरु सिंह सभा के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

# उत्साह से मनाया गुरु रामदास का प्रकाश पर्व

**ललितपुर।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीगुरु सिंह सभा के तत्वावधान में गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में श्रीगुरु रामदास महाराज का प्रकाश पर्व श्रद्धा भावना व उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारा साहिब में श्रीसहज पाठ साहिब का समापन उपरांत लंगर का आयोजन स.नरेंद्र सिंह खालसा की ओर से हुआ। गुरबाणी कीर्तन कथा पर अपने विचार रखते हुए मुख्य ग्रंथि ज्ञानी दलजीत सिंह ने कहा कि गुरु रामदासजी महाराज का जन्म (24 सितंबर 1534 को हुआ वह सिख धर्म के चौथे गुरु थे, जिन्होंने 1574 में गुरु अमरदास द्वारा गुरुगद्दी संभाली और 1577 में अमृतसर नामक नगर की स्थापना की, जो आज एक पवित्र शहर है। उन्होंने



सिख विवाह की आनंद कारज प्रथा की रचना की और सिख धर्म के लिए गुरु का लंगर प्रथा को आगे बढ़ाया। उन्होंने 688 भजन रचे, जो आदि ग्रंथ में शामिल हैं, और अपने पुत्र गुरु अर्जुन देव को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त करके गुरुगद्दी को वंशानुगत बनाया। अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि अपनी नानी की आर्थिक मदद करने के लिए नौ साल की उम्र में चने और गेंहू बेचने शुरू किए। 12 साल की उम्र में वे अपनी नानी के साथ गोइंदवाल चले गए, जहां उनकी मुलाकात तीसरे गुरु, गुरु अमरदास से हुई। उन्होंने गुरु अमरदास को अपना गुरु माना और उनकी सेवा करने लगे। गुरु अमरदास ने गुरु रामदास का विवाह अपनी पुत्री बीबी बानो से कराया। मंत्री मनजीत सिंह सलूजा ने कहा कि गुरु अमरदास ने 1 सितंबर, 1574 को उन्हें गुरुगद्दी सौंपी और उनका नाम गुरु रामदास रखा, जिसका अर्थ है भगवान का सेवक। 1577 में, गुरु रामदास ने अमृत सरोवर नामक एक तालाब के किनारे एक नए शहर की स्थापना की, जो बाद में अमृतसर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने सिख विवाह के लिए आनंद कारज नामक चार फेरों वाली विवाह पद्धति की रचना की, जिससे रूढ़िवादी परंपराओं से अलग एक सरल विवाह व्यवस्था बनी। उन्होंने सिख धर्म में गुरु का लंगर की व्यवस्था को आगे बढ़ाया, जहां समुदाय के सभी सदस्य एक साथ बैठकर भोजन करते हैं। सम्राट अकबर भी गुरु रामदास का सम्मान करते थे।

# बरौनी एक्सप्रेस में मुजफ्फरपुर से अहमदाबाद की यात्रा कर रहे यात्री का मोबाइल फोन चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बिहार राज्य के वैशाली जिला अंतर्गत चकव्यास में रहने वाले कुन्दन कुमार शाह पुत्र शिवदयाल शाह ने रानी कमलापति जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज करायी है। यह शिकायत रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से स्थानान्तरित होकर ललितपुर जीआरपी थाने पहुंची, जहां एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की गयी है। रानी कमलापति में प्रधान आरक्षक पद पर तैनात हनुमान यादव ने ललितपुर जीआरपी को अवगत कराया कि शिकायतकर्ता कुन्दन कुमार शाह के अनुसार 8 सितम्बर 2025 को वह ट्रेन संख्या 19484 बरौनी एक्सप्रेस के कोच नं. बी-4 में बर्थ संख्या 15 पर मुजफ्फरपुर से अहमदाबाद की यात्रा कर रहा था। बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन जब ललितपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी, तब उसने देखा कि उसके द्वारा चार्जिंग पर लगाये गये अपने मोबाइल फोन जो कि वीवो कम्पनी के नीले रंग का था गायब था। उसने मोबाइल फोन को खोजने का काफी प्रयास किया, लेकिन फोन नहीं मिला। चोरी की सूचना उसने भोपाल कंट्रोल रूम को दी कि उसका मोबाइल फोन कोई अज्ञात बदमाश चोरी करके ले गया है। आरक्षक की सूचना व शिकायतकर्ता की तहरीर पर जीआरपी ललितपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दुकान पर काम कर रहे युवक से मारपीट कर धमकाया

सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाले जितेन्द्र निरंजन पुत्र रामगोपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते मंगलवार को अपराह्न 12.30 बजे वह अपनी इलाइट स्थित दुकान पर था। तभी पड़ौस के बलराम राजा (गोलू) पुत्र छत्रपाल सिंह, अमन राजा, मिलन एकराय होकर आये और उसके साथ बिना कारण गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि उसे जानमाल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम से वाल्मीकि रामायण में निहित मानव, सामाजिक और राष्ट्रीय मूल्यों का महत्व समझाया

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर वाल्मीकि मंदिरों में हुआ अखंड रामायण पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों और राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार प्रसार व जनसामान्य को इससे जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा 7 अक्टूबर को प्रदेश के समस्त जनपदों में महर्षि वाल्मीकि जयंती को भव्य रूप से मनाए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके क्रम में जनपद ललितपुर में जिलाधिकारी अमनदीप डुली के नेतृत्व एवं अधिशासी अधिकारी नपा दिनेश कुमार विश्वकर्मा की अगुवाई में शहर के जेल चौराहा स्थित वाल्मीकि मंदिर एवं ग्राम बिरधा स्थित श्री हनुमान गढ़ी मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन कराया गया।



कार्यक्रम की श्रृंखला में जेल चौराहा स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में प्रातः 9 बजे से अखंड वाल्मीकि रामायण पाठ कर प्रकतोत्सव का शुभारंभ हुआ एवं मंदिर प्रांगण में प्रातः से ही हवन पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्कृति विभाग के कलाकार जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में हरिशंकर शर्मा, वैष्णवी शर्मा, वैशाली शर्मा, प्रिंसी शर्मा, इमरत, जय सिंह, पंकज साहू, ब्रजकिशोर परिहार, नत्थू आदि द्वारा संगीतमय रामायण का पाठ किया गया तथा समस्त वाल्मीक समाज के वरिष्टजनों के मार्गदर्शन में शाम के 5 बजे भंडारा, प्रसादी वितरण का संपन्न हुआ।

### महर्षि वाल्मीकि का पूजन कर आशीर्वाद लिया

वहीं ग्राम बिरधा में हनुमान गढ़ी मंदिर में विनीत भूषण पाठक, ब्रजेश तिवारी, धर्मेंद्र रजक, गया पांचाल कुलदीप चौधरी, दीपक चतुर्वेदी, केहर सिंह, बलराम कुशवाहा, सुग्रीव कुशवाहा, नितेश पांचाल, विशाल कुशवाहा, श्रेयस एवं मंदिर पुजारी अनुज उपाध्याय आदि द्वारा अखंड रामायण का पाठ किया गया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों ने मंदिर में आकर माथा टेका और महर्षि वाल्मीकि का पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम के अध्यक्ष कैलाश नारायण एडवोकेट, कोषाध्यक्ष गनेश बेनबाल, महामंत्री वीरेंद्र महरौलिया, सांस्कृतिक मंत्री सुरेश ठेकेदार, उपाध्यक्ष संजय कारोसिया, प्रचार मंत्री अशोक करोसिया, मीडिया प्रभारी संदीप धोलपुरिया, अखाड़ा अध्यक्ष कार्तिक करोसिया एवं मंदिर महंत जितेंद्र करोसिया व समाज के गणमान्य नागरिक, सकलपंच, माते मुखिया आदि लोग उपस्थित रहे।



## सीएम के रोड शो के लिए व्यवस्था के बजाए जुगाड़ कर रहा प्रशासन

# सीएम के रोड शो में बाधा न बन जाए जर्जर सड़कें और अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

12 अक्टूबर को श्योपुर आ रहे सीएम डॉ मोहन यादव आमजन से मिलने के उद्देश्य से रोड शो भी करेंगे। इसी को लेकर प्रशासन खासकर नगरपालिका की सांसे फूली हुई हैं क्योंकि इन दिनों बाज़ार अतिक्रमण के जाल में बुरी तरह जकड़ा हुआ है और दीपावाली त्यौहार को देखते हुए फ़िलहाल यह समस्या दूर होने के बजाए ओर अधिक उलझती दिख रही है। नगरपालिका की परेशानी यह है कि बीते तीन सालों में नपा ने शहर के भीतर से अतिक्रमण हटाने के लिए खास कारवाई भी नहीं कि ओर अब त्यौहार के समय अतिक्रमण हटाने से व्यापारी वर्ग ओर हॉकर्स की नाराज़गी भी झेलनी पड़ सकती है।

फ़िलहाल नगरपालिका अतिक्रमण हटाने ओर जर्जर सड़कों को सुधारने के बजाए जुगाड़ का मेंटेनेंस करती दिखाई पड़ रही है। इन दिनों शहर के बाजारों में जाम की समस्या आम हो गई है। बाजारों में सुबह दिन चढ़ने के साथ सड़कें सिकुड़ना शुरू हो जाती हैं। दोपहर दो बजे के बाद मैन बाजार, चूड़ी बाजार, सब्जी मंडी रोड, गणेश बाजार से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। दुकानदार सड़क के दोनों ओर सामान रख कब्जा कर लेते हैं। फिर बचता है आवागमन के लिए सिर्फ बीच का सकरा रास्ता, वो भी इतना कम कि राहगीरों को बार-बार जाम की समस्या से दो-चार होना पड़ता है। हालांकि विगत 3 सालों में नगर पालिका ने शहर से अतिक्रमण हटाने की कोई कवायत नहीं की लेकिन अब जब सीएम का दौरा तय हो गया है और उसमें रोड शो भी शामिल है तो आनन फानन में अतिक्रमण हटाने का जुगाड़ किया जा रहा है जिसके तहत गुरुवार को पुल दरवाजा के बाहर जहां चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण सीएम को करना है नपा ने आसपास लगे अस्थाई अतिक्रमण को हटाने का काम किया।



### मेडिकल कॉलेज तक पहुंच मार्ग भी जर्जर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव श्योपुर प्रवास के दौरान नागदा में बने मेडिकल कॉलेज को देखने भी जाएंगे, मेडिकल कॉलेज में मुख्यमंत्री वहां एडमिशन ले चुके स्टूडेंट्स से चर्चा करेंगे। परेशानी प्रशासन को यह आ रही है कि विगत दिनों हुई बारिश में जो रोड बनाया गया था वह उखड़ गया है सीप नदी पर भी पुल का काम पूरी तरह से नहीं हुआ है ऐसे में मुख्यमंत्री का काफिला जिस रोड से गुजरेगा उसे आनन फानन में ठीक तो किया जा रहा है लेकिन जुगाड़ यह भी किया जा रहा है कि सीएम को समय अभाव बताकर मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स को कार्यक्रम स्थल मेला ग्राउंड पर ही बुला लिया जाए।

### 25 साल बाद आई मॉडल सड़क के मेंटीनेंस की याद

सीएम के दौरे को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा दो दशक पहले बनाई गई मॉडल सड़क (पटेल चौक से बड़ौदा रोड श्मशान घाट तक) की याद नगरपालिका को आ गई। यह सड़क जब से बनी है तब से ही विवादों में रही है। मॉडल सड़क के नाम से बनी यह सड़क शहर की सबसे घटिया सड़कों में शामिल की जाती रही है। सड़क के बीच में बने बड़े-बड़े गड्ढे इसकी पहचान बन चुके हैं कई बार शिकायत के बाद भी सुधार नहीं हुआ लेकिन अब सीएम के दौरे को देखते हुए सड़क का मेंटेनेंस किया जा रहा है लेकिन वह भी जुगाड़ से सिर्फ गड्ढों को भरने का काम किया जा रही है।

### इनका कहना है...

मुख्यमंत्री का दौरा कार्यक्रम अभी आया नहीं है लेकिन प्रशासन तैयारी पूरी कर चुका है। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने विभिन्न विभागों की बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया है, जो कार्यक्रम तय किया जाएगा उसी आधार पर उसे आयोजित किया जाएगा।

**गगन सिंह मीणा**
**एसडीएम श्योपुर**

## ढोढर थाने के गांव माधो का डेरा में हुआ हादसा,जांच में जुटी पुलिस

# छत की शटरिंग डाल रहे मजदूरों का लगा करंट, एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



ढोढर थाना क्षेत्र के गांव माधो का डेरा में एक निर्माणाधीन मकान की छत की शटरिंग डाल रहे मजदूरों को 11 केव्ही बिजली लाइन का करंट लग गया। इससे एक मजदूर की मौत हो गई,जबकि दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसे जिला अस्पताल श्योपुर में भर्ती कराया गया है। यह हादसा गुरूवार की सुबह 10 बजे के आसपास का बताया गया है। पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम माधो का डेरा में पीएम आवास योजना के तहत बन रहे एक आदिवासी हितग्राही के मकान की छत की शटरिंग गुरूवार की सुबह गांव के ही दो मजदूर राकेश बैरवा और रमेश प्रजापति डाल रहे थे। इसी निर्माणाधीन मकान के पास ही 11 केवी की बिजली लाइन गुजरी है। शटरिंग डालते समय अचानक लोहे का सरिया बिजली लाइन से टच हो गया। जिससे छत पर डले लोहे के पूरे जाल में करंट प्रभावित हो गया और दोनो मजदूर करंट की चपेट में आ गए। आनन फानन में बिजली लाइन को बंद कराकर दोनों मजदूरो को झुलसी अवस्था में जिला अस्पताल श्योपुर में दाखिल कराया गया,जहां डॉक्टरों ने राकेश बैरवा 30 वर्ष पुत्र श्योजीराम बैरवा निवासी माधो का डेरा की मौत हो गई। जबकि रमेश को जिला अस्पताल में भर्ती कर डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया है। ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि पीएम के बाद शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# पुण्यतिथि पर बसपा संस्थापक कांशीराम को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




बहुजन समाज के संस्थापक काशीराम की पुण्यतिथि गुरूवार को उनके अनुयायियों ने आस्था पूर्वक मनाई इस दौरान कुछ युवाओं ने श्री हजारेश्वर पार्क पहुंचकर दिवंगत नेता काशीराम को श्रद्धांजलि दी।

बसपा संस्थापक काशीराम की जयंती जगह जगह मनाई गई, बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पाली रोड स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचकर डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा और काशीराम के चित्र पर पुष्प हार डालकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा शोषित पीड़ित मानवता के लिए जो काम उन्होंने शुरू किया था उसे बहुजन समाज पार्टी के नेताओं ने पूरा करने की शपथ ली। इस दौरान पार्टी के जोन प्रभारी भीम सेन पहाड़िया, जिलाध्यक्ष गंगाधर जाटव, पूर्व जिलाध्यक्ष कांसीराम सेंगर, बिहारी सिंह सोलंकी आदि ने उद्बोधन दिए। इसी क्रम में कुछ युवा कार्यकर्ताओं ने श्री हजारेश्वर पार्क में संगोष्ठी आयोजित की जिसमें डॉ भीमराव अंबेडकर और काशीराम के चित्र पर पुष्प हार डालकर श्रद्धांजलि दी गई और उनके जीवन वृत पर प्रकाश डाला गया।

## दो दिन से जिला मुख्यालय पर डेरा डाले आदिवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# आदिवासियों को परेशान करना नहीं छोड़ा तो होगा आंदोलनः मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

साहब! आदिवासियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है उन्हें उनकी जमीनों से बेदखल करने का षड्यंत्र अधिकारी माफिया के साथ मिलकर रच रहे हैं। इस संबंध में समय-समय पर आवाज उठाकर प्रशासन को अवगत कराया जाता रहा हैं लेकिन प्रशासन की कान में जूं तक नहीं रेंग रही है।

अब पानी गले से ऊपर आ गया है अगर समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो आदिवासी विशाल आंदोलन को मजबूर हो जाएंगे और मैं खुद ऐसे आंदोलन का नेतृत्व करूंगा। यह बात विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने बुधवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा से कहीं,वे आदिवासियों के साथ ज्ञापन देने पहुंचे थे। विजयपुर क्षेत्र से आए आदिवासी 2 दिन से कलेक्टर से मिलने के इंतजार में जिला मुख्यालय पर ही डेरा डाले हुए थे।




ग्राम झक्कापुर उमरी खुर्द पंचायत किसनपुरा तहसील विजयपुर के 150 परिवार जिनका दावा है कि वह पीढ़ियों से भूमि स्वामी होकर जिस जमीन को जोतकर परिवार पाल रहे हैं अब उस पर फॉरेस्ट के अधिकारी उन्हें खेती करने से रोक रहे हैं। अगर जमीन पर खेती करने से रोका जाना जरूरी है तो फिर नियमानुसार विस्थापन किया जाना चाहिए जिसके लिए वो विगत चार वर्षो से निरंतर एसडीएम विजयपुर व फॉरेस्ट बिभाग को आवेदन देते आ रहे थे लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है, उनकी जमीन सेंचुरी में आने के कारण खेती करने से मना कर दिया गया है, जबकि इनका कोई व्यवस्थापन नहीं किया गया है ऐसे में अपने परिवार को लेकर यह सहरिया परिवार बहुत संकट में आ गए है। विधायक मुकेश मल्होत्रा ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को आवेदन देते हुए समस्या का निराकरण करने की मांग करते हुए समाधान नहीं होने पर विशाल आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने समस्या निराकरण का आश्वासन देते हुए एसडीएम विजयपुर को अपनी ओर से कारवाई के निर्देश दिए हैं।

### अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में संयुक्त टीम ने किया भूमि का सीमांकन

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में गठित की गई संयुक्त टीम द्वारा वीरपुर तहसील के ग्राम पांचो में मौके पर पहुंचकर सीआरपीएफ जवान मोहर सिंह की भूमि के सीमांकन संबंधी कार्यवाही की गई। इस अवसर पर एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, तहसीलदार वीरपुर नरेश रायपुरिया सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहें। संयुक्त जांच दल में शामिल संजय जैन ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार भूमि संबंधी मामले का सीमांकन कर निराकरण कर दिया गया है। संयुक्त टीम की निगरानी में राजस्व दल द्वारा भूमि सर्वे क्रमांक 1180 रकबा 0.094 हेक्टयर, 1179/1 रकबा 0.063 हेक्टयर, 1179/2 रकबा 0.163 हेक्टयर, 1179/3 रकबा 0.052 हेक्टयर के सीमांकन की कार्यवाही की गई है।

# सीएम राइज की छात्रा संभाग स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) श्योपुर की छात्रा वैशाली पारेता ने बाल रंग प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित हुई संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में श्योपुर जिले का नाम रोशन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है।

कक्षा 10 की अंग्रेजी माध्यम की छात्रा वैशाली पारेता ने सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में सभी जिलो के प्रतिभागियों को पीछे छोडते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता गत 8 अक्टूबर को शासकीय उत्कृष्ट उमावि विद्यालय क्रमांक 01 मुरार ग्वालियर में आयोजित की गई थी। विद्यालय के प्राचार्य अशोक खण्डेलवाल ने छात्रा की इस सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों ने वैशाली को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

# जलसंसाधन विभाग में उपयंत्री का हार्ट अटैक से निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जल संसाधन विभाग में प्रभारी उपयंत्री महावीर शर्मा का गुरुवार की सुबह हार्ट अटैक आने से निधन हो गया। ढोटी सब डिवीजन में पदस्थ प्रभारी उपयंत्री महावीर शर्मा भाजपा जिला कार्यालय मंत्री दिनेश राज दुबोलिया के बड़े भाई थे। मिलनसार प्रवृत्ति के महावीर शर्मा के निधन की खबर से समूचे क्षेत्र में शौक व्याप्त हो गया। उनका अंतिम संस्कार बदौड़ा रोड स्थित श्मशान घाट पर किया गया।

## भारतीय किसान संघ ने कराहल में धरना देकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# फसल नुकसान का किसानों को शीघ्र दिया जाए मुआवजा और बीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




भारतीय किसान संघ ने गुरूवार को कराहल स्थित तहसील कार्यालय परिसर में किसानों की विभिन्न समस्याओ को लेकर एक दिवसीय धरना दिया और सीएम के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार कराहल रोशनीशेख को दिया।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि ज्ञापन में यह मांग प्रमुखता से उठाई गई है कि हाल ही में हुई अतिवर्षा से धान के साथ-साथ अन्य फसलों को भी नुकसान पहुंचा है, ऐसे में नष्ट हुई फसल का बीमा एवं मुआवजा अति शीघ्र प्रभावित किसानों को दिया जाए। पराली निस्तारण हेतु पर्याप्त उपकरण न होने से पराली को निस्तारण करना किसान के लिए सबसे बड़ी समस्या दिखाई दे रही है इसलिए 80 प्रतिशत सब्सिडी के साथ जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाए। बीमा को खेत इकाई माना जाए। ज्ञापन में कृषि उपज मंडी में किसान भवन, तुलाई हेतु बीओटी कांटे प्रांगण में सीसी निर्माण, पर्याप्त पानी प्रकाश की व्यवस्था किए जाने की मांग भी उठाई गई है।ज्ञापन सौपने के दौरान हरिशंकर पालीवाल, तहसील अध्यक्ष सियाराम गुर्जर मंत्री निसार खान, मुकेश पालीवाल, भीमसिंह जाट, कन्हैया, कमल गुर्जर, गोपाल कुशवाह, ब्रजगोपी, हरभजन आदिवासी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# कराहल में पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ा, क्रॉस एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल कस्बे में बीती शाम को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच झगडा हो गया। जिसमें दो लोग घायल हो गए। इस मामले में कराहल थाना पुलिस ने क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि कराहल निवासी गोपाल शर्मा और देवांश उर्फ भोला मुदगल के बीच जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। बुधवार की शाम को दोनो पक्ष के लोगों के बीच विवाद हो गया। जिसमें एक तरफ से गोपाल तो दूसरी तरफ देवांश जख्मी हो गए। पुलिस ने इस मामले में गोपाल शर्मा की रिपोर्ट पर भोला,प्रिंस, शुभम, रवि के खिलाफ तथा देवांश उर्फ भोला मुदगल की रिपोर्ट पर गोपाल, संतोष, मनोज के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।

### युवती से छेडछाड, एफआईआर दर्ज

श्योपुर।विजयपुर थाना क्षेत्र के गांव दोर्द में एक युवती के साथ छेडछाड किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम दोर्द निवासी एक युवती जब किसी काम से घर के बाहर जा रही थी,तभी आरोपी कुलदीप जाटव ने बुरी नियत के इरादे से उसका हाथ पकड लिया और छेडखानी कर दी। जिसका विरोध करने पर उसने युवती को जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पुलिस ने पीडित युवती की रिपोर्ट पर कुलदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### कलेक्टर ने लिया मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम स्थल का जायजा



श्योपुर।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 12 अक्टूबर को प्रस्तावित दौरा के तहत निर्धारित किए गए कार्यक्रम स्थलों का जायजा गुरुवार की शाम कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मौके पर पहुंचकर लिया और इस संबंध में अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।वीर सावरकर स्टेडियम पर पहुंचे कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मुख्यमंत्री के हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया इस दौरान अफसरों को हेलीपैड स्थल पर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए मौके पर मौजूद एडिशनल एसपी भूरिया को निर्देशित किया कि वह हेलीपैड क्षेत्र में प्रवेशित होने वाले अफसर और नेताओं की सूची बना ले। उक्त स्थल पर भीड़ को जाने से रोका जाए। इसके बाद वह श्री हजारेश्वर मेला मैदान पहुंचे जहां सभा स्थल का निरीक्षण किया इस दौरान वहां पर भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण भी पहुंच गए जिन्होंने कार्यक्रम के बारे में कलेक्टर में चर्चा की और उनसे मंच पर मौजूद रहने वाले नेताओं की सूची मांगी। बाद में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के रोड शो वाले बाजारों का निरीक्षण किया और सीएमओ आरआर यादव को रोड शो के दौरान अतिक्रमण हटाने के साथ पुलिस विभाग को रोड डाइवर्ट करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर वहां प्रतिमा के अनावरण संबंधित जानकारी सीएमओ से लेते हुए मुख्यमंत्री के प्रवास वाले दिन उक्त क्षेत्र को नो हॉकर्स जॉन घोषित करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उनके साथ एडीएम रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन मीणा सहित प्रशासन अमला मौजूद रहा।

## डीपीसी बनने श्योपुर जिले के दो दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

# डीपीसी चयन परीक्षाः श्योपुर का कोई अभ्यर्थी नहीं हुआ पास,वर्तमान डीपीसी भी हो गए फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) बनने के लिए प्रदेश स्तर पर आयोजित हुई चयन परीक्षा में श्योपुर जिले के दो दर्जन से अधिक अभ्यर्थी इस उम्मीद के पास शामिल हुए थे कि उन्हें स्थाई रूप से डीपीसी की कुर्सी मिल जाएगी। मगर डीपीसी चयन परीक्षा में श्योपुर जिले का एक भी अभ्यर्थी पास नहीं हो सका है। खास बात यह है कि श्योपुर के वर्तमान डीपीसी भी इस परीक्षा में फेल हो गए है।

पूरे प्रदेश में सिर्फ 36 लोग ही डीपीसी परीक्षा को उत्तीर्ण कर पाए है। ऐसे में विभागीय गलियारो में इस तरह की चर्चाएं शुरू हो गई है कि वर्तमान में डीपीसी का प्रभार संभाल रहे भूपेन्द्र कुमार शर्मा हटाए जाएंगे और उनकी जगह डीपीसी की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दूसरे जिलों के 36 लोगो में से ही कोई एक श्योपुर डीपीसी बनकर आएगा। दरअसल मप्र के कई जिलों में डीपीसी के पद खाली पडे हुए है। ऐसे में जिन जिलो में डीपीसी के पद खाली चल रहे है,वहां काम चलाने के लिए लोकल के ही किसी प्राचार्य या उच्च माध्यमिक शिक्षक को डीपीसी का प्रभार सौंप रखा है। रिक्त बने डीपीसी के पदों पर स्थाई डीपीसी की नियुक्ति किए जाने के लिए सितंबर माह में राज्य शिक्षा केन्द्र के द्वारा डीपीसी चयन परीक्षा 2025 का आयोजन किया गया। विभागीय सूत्र बता रहे है कि सितंबर माह में आयोजित डीपीसी चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए श्योपुर के 2 दर्जन से अधिक शिक्षकों ने आवेदन किया और परीक्षा भी दी। लेकिन श्योपुर जिले का कोई भी अभ्यर्थी डीपीसी चयन परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं कर सका । श्योपुर के वर्तमान डीपीसी भी इस परीक्षा को पास नहीं कर पाए है।



### अपनी पसंद का डीपीसी लाने मशक्कत जारी

विभागीय सूत्र बता रहे है कि डीपीसी चयन परीक्षा का रिजल्ट आते ही श्योपुर में डीपीसी बदलने की चर्चा शुरू हो गई है और यहां के शिक्षा से जुड़े लोग अपनी पसंद के डीपीसी को श्योपुर लाने के लिए सक्रिय हो गया है। बताया जा रहा है कि डीपीसी की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों में से ही किसी एक की पदस्थापना श्योपुर डीपीसी के रूप में होगी। ऐसे में माफिस अपनी पसंद के परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी से संपर्क साधकर उसकी पोस्टिंग श्योपुर में कराए जाने की कवायद में जुट गए है।

### परीक्षा में बैठे 1400 अभ्यर्थी,उत्तीर्ण हुए सिर्फ 36

सूत्रों की माने तो डीपीसी चयन परीक्षा 2025 में शामिल होने के लिए श्योपुर जिले सहित पूरे प्रदेश से करीब 2 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था और इनमें करीब 1400 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल भी हुए थे,लेकिन परीक्षा में सिर्फ 36 अभ्यर्थी ही पास हो पाए है। इनमें उमाशि अशोक शुक्ल सिंगरौली, दिवाकर तिवारी बीआरसी सोहावल सतना, सुधीर कुमार साकेत हाईस्कूल प्रतापपुर, अनिल कुमार पटेल एपीसी शहडोल,शिव ब्रह्म सिंह बीआरसी मुरार ग्वालियर, अखिलेश कुमार राजपूत बीआरसी दतिया, प्रकाश चंदेल कुण्डम, दिनेश डिगरसे बीआरसी बिछुआ,डॉ प्रवेश कुमार तिवारी रीवा, राजेश कुमार पाल सब्जेक्ट एक्सपर्ट,हीरेन्द्र सिंह तोमर एपीसी मुरैना, प्रदीप कुमार द्विवेदी बीआरसी गंगेव,शिवचरण लाल जाटव बीआरसी पोहरी शिवपुरी, अरविंद सिंह तोमर ग्वालियर, फूलचंद पटेल बीआरसी बैढन,डॉ शिवकांत गौतम रीवा, नीरज गर्ग बीआरसी इंदौर, महेन्द्र कुमार मिश्र शहडोल, धनेन्द्र तिवारी चिन्सुरा, सुनील कुमार शर्मा करोहन, चंद्रभूषण शुक्ला बुढार, बलवीर सिंह बुंदेला एपीसी अशोकनगर, संतोष कुमार नापित शहपुरा, हरेन्द्र प्रताप सिंह सोहाया, शंकर कुमार खत्री विषय विशेषज्ञ, विक्रमादित्य तिवारी कचनी, मुअज्जम अली सयैद उज्जैन, रामअवतार सिंह सिकरवार बीआरसी अंबाह मुरैना, राकेश शर्मा बीआरसी मुरार ग्वालियर, मो जाकिर हुसैन डिंडोरी,विनय कुमार चतुर्वेदी उमरिया, डॉ अखिलेश भदौरिया बैकुण्ठपुर, राजेश कुमार पटेल सिंगरौली, डॉ सुधा पटेल एपीसी रीवा, संकेत कुमार जैन एपीसी, संजीव कुमार खरे एपीसी खंडवा शामिल है।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना के एक प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

**शिवपुरी।** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने सड़क दुर्घटना के एक प्रकरण में मृतक के परिजन को कुल 15 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। सड़क दुघर्टना के एक प्रकरण में उत्तरप्रदेश के कानपुर नगर के गंभीरपुर पो.गवहाडा बिल्हौर निवासी मृतक वीरेन्द्र कुमार पाल के वैध वारिस पत्नी दीपाली पाल को 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले किए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नया बस स्टेण्ड निवासी पवन नायक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीरेन्द परिहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लिधौरा निवासी शिवप्रताप सिंह बुन्देला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मपाल सिंह परमार और छोटेराजा परमार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज किया

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत पिछले दिनों 18 जुलाई को जण्डेल सिंह लोधी की मौत हो गई थी। उक्त मामले में पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक अमरसिंह धाकड द्वारा की जा रही थी। उक्त जांच के बाद पुलिस ने पाया कि मृतक जण्डेल सिंह द्वारा ट्रेक्टर को लापरवाही पूर्वक चलाया गया जिसके पलटने और उसके नीचे दब जाने से जण्डेल सिंह की मौत हुई है।

### सुरक्षा जवान भर्ती कैंप का आयोजन

**अशोकनगर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड सुरक्षा जवान भर्ती केम्प का आयोजन 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक किया गया है। यह शिविर शिविर 13 अक्टूबर को ग्रामीण आजीविका मिशन (जनपद पंचायत कार्यालय) चंदेरी,14 अक्टूबर को ग्रामीण आजीविका मिशन (जनपद पंचायत कार्यालय) ईसागढ़,15 अक्टूबर को ग्रामीण आजीविका मिशन (जनपद पंचायत कार्यालय) मुंगावली, 16 अक्टूबर को ग्रामीण आजीविका मिशन (सीएलएफ कार्यालय) शाढौरा तथ 17 अक्टूबर को ग्रामीण आजीविका मिशन (जनपद पंचायत कार्यालय) अशोकनगर में प्रात 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक आयोजित किये गये है।

### प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**अशोकनगर।** लोक शिक्षण मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित 69 भी राज्य स्तरीय हैंडबॉल एवं कबड्डी 17 वर्ष बालक बालिका प्रतियोगिता 4 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2025 तक शुजालपुर में आयोजित की गई। ग्वालियर संभाग से 17 वर्ष बालिका हैंडबॉल में इंदौर को पराजित कर विजेता बना।

महिलाएं सजने संवरने से लेकर पूजा के सामान की खरीदारी में लगीं

# करवाचौथ को लेकर अशोकनगर शहर के बाजार होने लगे गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





करवाचौथ का पर्व इस बार भी अशोकनगर शहर में हर बार की तरह बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा। करवाचौथ के व्रत को लेकर महिलाएं तैयारियों में लगी हैं। सही पूछो तो करवाचौथ का यह पर्व महिलाओं का पर्व है। इस पर्व को लेकर बाजारों में भीड़ है शहर से लेकर गांव तक की महिलाएं अपने जरूरत का सामान बाजार से खरीदने में लगी हुई हैं।

करवाचौथ का व्रत विवाहित महिलाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिन है इस दिन महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए निर्जला उपवास करती हैं। यह व्रत प्रेम समर्पण और आस्था का प्रतीक है। वैसे तो यह पर्व विवाहित महिलाएं ही करती है लेकिन अब अविवाहित युवतियां भी अपने भाभी जीवन साथी या प्रेमी के लिए यह व्रत को रखती है। लेकिन इस तरह की व्रत को अनुकूल नहीं माना गया है। गर्वभती महिलाओं को भी करवा चैथ का निर्जला व्रत नहीं रखना चाहिए क्योंकि महिलाओं के पेट में पल रहे शिशु के लिए पोषण और जल की आवश्यकता होती है। करवाचौथ व्रत तभी शुभ फल देता है जब से श्रद्धा और सच्चे मन के साथ मनाया जाए तो इस पर्व की सार्थकता होती है।

**30 हजार से अधिक शहर में महिलाएं मनाएंगी करवाचौथ का पर्व :** अशोकनगर शहर में करवाचौथ का पर्व इस बार भी शहर की 30 हजार से अधिक महिलाओं द्वारा मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर महिलाएं करवाचौथ के दिन आने वाले सामग्री क्रय करने में लगी हैं। बाजार में साड़ी विक्रेताओं के यहां महिलाएं अपनी पंसद की साड़ी खरीद रही हैं। अनेक महिलाएं करवाचौथ पर नई साड़ी खरीदने में लगी हैं। इस दौरान करवा व्रत पूजा में



उपयोग आने वाली सामग्री चलनी, करवा आदि की भी खरीदारी कर रही हैं। शहर के सोन्दर्य प्रसाधन वाली दुकानों पर महिलाओं की कतार लगी है। सजने सवरने के लिए महिलाएं अपनी पसंद की सामग्री खरीद रही हैं। शहर के बाजार महिलाओं से गुलजार हैं अनेक महिलाएं ब्यूटीपार्लर भी बुक कर चुकी हैं। करवाचौथ का यह पर्व अशोकनगर शहर में चांद निकलते ही मनाया जाएगा।

**वीडियो कॉन्फ्रेस से भी मनाया जाएगा करवाचौथ का पर्व:** इस पर्व पर जिन महिलाओं के पति नौकरियों पर हैं या सैना में हैं या फिर देश से बाहर हैं उन महिलाओं के द्वारा भी इस पर्व पर व्रत रखकर वीडियों कॉन्फ्रेस के माध्यम से पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व की खास बात यह है कि महिलाएं यदि इस दिन घर से बाहर हैं तो वह घर पर पहुंच जाती हैं और यदि घर से बाहर है तो वह भी करवाचैथ के दिन अपने घर पर पहुंच जाता है। करवाचैथ के दिन शहर में मकानो की छत पर महिलाओं को सज सवरकर चलनी में चांद को देखा जाता है और पति को चलनी में देखकर निर्जला उपवास तोड़ा जाता है। पति महिलाओं को जल पिलाते हैं इस पर्व पर अब कईं पुरूष भी उपवास रखने लगे हैं।

**करवाचौथ में इस बार राजस्थानी थीम भी दिखाई देगी:** करवाचौथ के इस पर्व पर जहां पंजाबी समाज की महिलाएं सज सवरकर अशोकनगर शहर के गुरूद्वारा पहुंचकर करवाचौथ मनाएंगी वहीं इस बार महिलाओं द्वारा राजस्थानी थीम क साथ करवाचौथ का पर्व मनाया जाएगा। विभिन्न जाती और धर्म के लोग भी इस पर्व को मनाते हैं घर घर में यह पर्व मनते हुए देखा जाएगा। शहर के गांधी चैक पर तमाम प्रकार की सामग्री की दुकाने सजी हैं। जहां से महिलाएं सामग्री को खरीदते हुए देखी जा सकती हैं।

**मैकअप के ट्रेन्ड का करवाचौथ पर रहेगा जोर:** करवाचौथ सेलिब्रेशन में इस बार मैकअप के ट्रेन्ड को पूरी तरह से बदलकर देखा जा रहा है। महिलाएं अब सज संवरने के बाद अपना लुक इंस्ट्राग्राम, सोशल मीडिया और फेसबुक पर सेण्ड करने की तैयारियों में हैं। मेकअप और हेयर स्टाइल के जो पुराने आईडिया थे वह बदल रहे हैं। मेकअप के दौरान फाइनल लुक वीडियो बनाकर तैयार हो रही हैं। महिलाएं ब्यूटीपार्लर पर जाकर 5 से 10 हजार रूपये खर्च कर रही हैं। ब्यूटीपार्लर पर महिलाओं के लिए समय भी तय किया गया है।

**मैकअप के साथ हेयर स्टाइल भी खास होगा:** इस बार मैकअप में नैच्युरल फीर्चस को उभारने वाला स्टाइल ट्रेन्ड में हैं। चेहरे पर नेच्यूरल ग्लो लाने के लिए हाइलाईटर का कम और सटीक इस्तेमाल किया जा रहा है। हेयर स्टाइल में इस बार खास फोकस महिलाओं में है। जिसमें लम्बी चोटी का स्टाईल चलन में है जिन्हे नेच्यूरल फूलों से सजाया जा रहा है। सीनियर लेडीज अपनी शादी की यादे ताजा करने के लिए नए मेकअप को प्राथमिकता दे रही हैं।

खरीदारी से बाजार में लगे चार चांद

## करवाचौथः दुकानों पर महिलाओं की भीड़, पार्लरों में बुकिंग बढ़ी



**दिनारा।** कस्बे के बैंकों में उमड़ी भीड़ लाडली बहनाओं की करवाचौथ को लेकर दिनारा के बाजारों में अच्छी चलह-पहल रही और सुहागिन महिलाएं खूब खरीदारी में जुटी हुई हैं। करवा चौथ से तीन दिन पहले गुरुवार को दिनारा कस्बे के बाजारों में ग्राहकी की रंगत जोरदार रही। करवा, पूजा, थाल, चूड़ा, सीक, चूड़ियां, मेहंदी, मेकअप का सामान खूब खरीदारी हुई वहीं पुरुष भी पत्नियों को देने के लिए उपहार खरीदारी करते देखे गए और देशभर के बाजारों में करवा चौथ के दस दिन पहले से खरीदारी को लेकर बाजार में जोश रहा और कपड़ों, ज्वैलरी से लेकर श्रृंगार-कॉस्मेटिक्स का सामान गिफ्ट आइटम्स,पूजा के समानों की जमकर शॉपिंग हुई। इस साल बाजारों में पिछले साल के मुकाबले ज्यादा रौनक दिखाई दे रही है।

व्यापारियों के अनुसार करवाचौथ पर मेहंदी लगाना बहुत शुभ माना जाता है इसलिए मेहंदी का बड़ा कारोबार होता है। करवा चौथ पर एक बेहतर व्यापार का बड़ा अवसर है। भारतीय परंपरा के मुताबिक आगामी नवंबर से शुरू होने वाले शादियों के लिए भी सोने के गहनों आदि की बुकिंग भी करवा चौथ से शुरू हो जाती है।

### चन्देरी पुलिस ने 58.450 किलो गांजा आरोपी के पास से बरामद किया

**अशोकनगर।** 7 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेंद्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम मढी थाना चंदेरी में अवैध रूप से गांजा की खेती करते जगत सिहं लोधी पुत्र मोहन लाल लोधी निवासी ग्राम मढी थाना चंदेरी को पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 58.450 कि. ग्राम गांजा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि दिनांक 07.10.2025 को विश्वसनीय मुखविर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मढी चंदेरी मे एक अपने खेत अवैध रूप से गांजा की खेती कर रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम रवाना होकर ग्राम मढ़ी चंदेरी पहुंची एंव मुखविर द्वारा बताये स्थान (खेत) पर देखा खेत पर गांजे के पोधे लगे पाये गये। खेत पर गांजे के पोधे की रखवाली करते हुये एक व्यक्ति मिला जिससे पूछताछ पर अपना नाम जगत सिंह लोधी बताया। जो गांजे की खेती कर रहा था। आरोपी के कब्जे से छोटे गांजे के पेड़ जिनकी लंबाई करिबन 05 फीट की संख्या 120 एंव बड़े गांजे के पेड़ जिनकी लंबाई करिबन सात आठ फीट की संख्या 66 है जिनका कुल बजन 58.450 कि.ग्राम गांजा कीमती 26000 रूपये जप्त कर आरोपी जगत सिहं लोधी पुत्र मोहन लाल लोधी निवासी ग्राम मढी थाना चंदेरी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक मनीष जादौन, उनि0 नीलम सिंह यादव, सउनि0 अमर सिंह धाकड़, आर0 योगेन्द्र सिंह रघुवंशी, आर0 सतीश बर्मा, आर0 गजेन्द्र कोली, आर0 रामकुमार, आर0 ज्ञान सिंह लोधी, आर0 ओपेन्द्र सिंह गुर्जर, आर0 राधेश्याम यादव, आर0 आनन्द राजपूत आर0 वैभव सक्सेना, म.आर0 चंदा यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# फैशन एंड टेक्सटाइल डिजाइनिंग प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवपुरी में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत फैशन एंड टैक्सटाइल डिजाइनिंग विषय पर 30 दिवसीय अल्पावधि स्वरोजगारमुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करेगा, जिस प्रकार विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण में शामिल होकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में यह कदम बढ़ाया है वह बहुत ही सराहनीय है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र शिवपुरी के प्रबंधक अजय तिवारी ने विद्यार्थियों को स्वरोजगार से संबंधित जानकारी दी तथा यह भी बताया कि स्वरोजगार से इस क्षेत्र में कैसे ख्याति प्राप्त की जा सकती है।



स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ.एस एस खण्डेलवाल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत होने वाले अल्पावधि स्वरोजगारमुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार की ओर अग्रसित करना है जिससे वह भविष्य में स्वयं का रोजगार स्थापित कर दूसरों को भी रोजगार प्रदान कर सकें। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार की ड्रेस एवं उन पर की गई एंब्रायडरी एवं टाई एण्ड डाई का अवलोकन कर उनकी सराहना की। कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा प्रशिक्षण में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। प्रकोष्ठ प्रभारी एवं टीपीओ डॉ ममता रानी ने संचालन व आभार व्यक्त प्रकोष्ठ सह प्रभारी डॉ प्रमोद चिडार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ हरीश अम्ब, प्रो देवेंद्र आर्य, डॉ अंजुम खान, डॉ वंदना सोनी, डॉ रश्मि राजपूत सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## जिले की शिवन्या चौरसिया और अनुराग बरहा को नेशनल में बेस्ट फाइटर अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश हैंड टू हैंड खेल संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी के द्वारा बताया गया कि 5वीं नेशनल हैंड टू हैंड फाइटिंग खेल प्रतियोगिता का आयोजन खेल विभाग मध्यप्रदेश शासन के रानीताल खेल परिसर जबलपुर में 22-24 अगस्त तक मध्यप्रदेश हैंड टू हैंड खेल संघ द्वारा किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश की टीम में 30 खिलाड़ियों का चयन अशोकनगर जिले से 23 खिलाड़ियों से किया गया था। जिसमें अशोकनगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।




अशोकनगर से पदक विजेताओं में शिवन्या चैरसिया, भावेश सेन, लवली अहिरवार, सोनाली पाल, अनुराग बरहा, संस्कृति बिजोले, राशि बालू, राधा ओझा, समीर पाठक, सोनम केवट,आरती विश्वकर्मा ने स्वर्ण पदक जीते। रजत पदक विजेताओं में आशा अहिरवार, देवांश पाल रजत, दिशार्थ धुरेंटे, पूनम शर्मा, हर्षित सोनी, वहीं कांस्य पदक विजेताओं में देवस्य गुप्ता, खुश अग्रवाल, अपूर्व अहिरवार, साईराज सोनी, शिवार्थ धुरेंटे, सुमित अहिरवार वरदांश मधुकर, ने कांस्य पदक जीतकर अशोकनगर सहित प्रदेश का गौरव बढ़ाया है युक्त प्रतियोगिता का शुभारंभ जबलपुर के विधायक अभिलाष पाण्डेय एवं मध्यप्रदेश वुशू संघ के सचिव मनोज गुप्ता, हैंड टू हैंड खेल संघ अध्यक्ष प्रदीप शिंदे, राकेश लिमाये, आकाश शर्मा ने किया। पदक विजेताओं में शिवन्या चैरसिया को 9 वर्ष एवं सोनाली पाल 11 वर्ष व अनुराग बरहा को 16 वर्ष आयु वर्ग में गोल्ड मैडल सहित बेस्ट फाइटर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। शानदार उपलब्धियों पर बच्चों की उपलब्धि पर चंदेरी के विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, पूर्व विद्यायक जजपाल सिंह,वुशू संघ दयासिंह संधू, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया, खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी,मध्यप्रदेश हैंड टू हैंड खेल संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी,सचिव बृजेश धुरेंटे,रोटरी क्लब के अध्यक्ष अजित जैन, रौशन कोहली, कोच विनोद पाल, राजदीप सिंह, रविंद्र परिहार, मुस्ताक खान, पवन पाल, पवन जाटव आदि ने बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं रोटरी क्लब में हैंड टू हैंड मध्यप्रदेश के अध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी सभी खिलाडीयों को सम्मानित किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## राजनैतिक दलों के साथ स्टेडिंग कमेटी की बैठक की आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एन.सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट के कान्फ्रेंस कक्ष में राजनैतिक दलों की स्टेण्डिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगरीय निकाय की फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची की 01 प्रति निःशुक्ल राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रदाय की गई।

उक्त बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एन. सिंह द्वारा उपस्थित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आयोग से प्राप्त कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराया तथा चर्चा की गई। जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की गई कि जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वह अपने नाम ईआर-1 तथा जिन्हें नाम विलोपित कराना हो वह ईआर-2 तथा जिन मतदाताओं को अपने नाम में संशोधन कराना है वह इंजन-3 में अपना फार्म भरकर संबधित प्राधिकृत कर्मचारी को उपलब्ध कराने का आव्हन किया गया है।

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा 01 जनवरी, 2025 की स्थिति में नगरीय निकाय तथा ग्राम पंचायतों (जिन ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य उप निर्वाचन 2025 (पूर्वाद्ध) हेतु किया जा चुका है उन ग्राम पंचायतों को छोड़कर शेष ग्राम पंचायतों) की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 हेतु कार्यक्रम प्रचलित है। आयोग के कार्यक्रम अनुसार 06 अक्टूबर को नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों की फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन किया जाकर 17 अक्टूबर अपरान्ह 03:00 बजे तक नगरीय निकाय वार्ड तथा ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा दावे-आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी अशोकनगर ब्रजबिहारी लाल श्रीवास्तव, तहसीलदार बहादुरपुर साहिर खाँन उपस्थित रहे। साथ ही राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि के रूप में विष्णु प्रसाद, सलिल त्रिपाठी भाजपा, राजेन्द्र कुशवाह अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी तथा रीतेश कुमार जैन आदि रहे मौजूद।



### चंदेरी के आकाश पर हर रोज दिखाई पड़ रहे हैं उड़ते हुए हवाई जहाज

**अशोकनगर।** चन्देरी क्षेत्र में पिछले कई दिनों से रोजाना आसमान में उड़ते हवाई जहाजों ने लोगों के बीच चर्चाओं का दौर चला दिया है। जहाजों की आवाज सुनते ही लोग घरों से बाहर निकलकर ऊपर देखने लगते हैं। जिम्मेदार अधिकारियों ने बताया कि यह भारतीय वायुसेना के लिए निर्धारित रूट है, जो ललितपुर से भोपाल की ओर गुजरता है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहे हैं, जहां लोग सर्वे या अन्य संभावनाओं की अटकलें लगा रहे हैं। पिछले कई दिनों से रोजाना आसमान में उड़ते हवाई जहाजों की आवाज सुनते ही लोग घरों से बाहर निकल आते हैं और ऊपर देखने लगते हैं। देखते ही देखते जहाज दिखाई दे जाता है, लेकिन इसकी नियमितता ने लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं पैदा कर दी हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर अफवाहें फैलाई जा रही हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि जहाज ललितपुर की ओर से आते हुए चंदेरी के ऊपर से गुजरते हैं और भोपाल की दिशा में चले जाते हैं। ऑफ द रिकॉर्ड जिला अधिकारियों से बात करने पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह भारतीय वायुसेना के लिए आवंटित रूट है। वायुसेना के प्रशिक्षण या नियमित उड़ानों के लिए यह मार्ग निर्धारित है, जो चंदेरी क्षेत्र से होकर गुजरता है। अधिकारियों ने कहा कि यह कोई असामान्य बात नहीं है। वायुसेना के विमान ट्रेनिंग या ऑपरेशनल फ्लाइट्स के तहत रोजाना उड़ान भरते हैं। ललितपुर से भोपाल तक का यह कॉरिडोर एयर फोर्स का स्टैंडर्ड रूट है। लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं।

सर्प जागरुकता व्याख्यान का भी आयोजन

## नेहरू महाविद्यालय में वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालयए अशोकनगर में वन्यजीव सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर के अंतर्गत आज भारतीय पौराणिक कथाओं में मानव एवं पशु अवतार विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉण दीक्षा भट्ट के नेतृत्व मेंए प्राचार्य डॉण रेनू राजेश के मार्गदर्शन तथा इको क्लब एवं आईक्यूएसी के सहयोग से आयोजित किया गया।



विद्यार्थियों ने विभिन्न पौराणिक रूपों जैसे नवगुन्जरए वराह अवतारए मत्स्य अवतारए नरसिंह अवतार आदि को अपनी रंगोलियों के माध्यम से अत्यंत सुंदर और भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया।इस अवसर पर डॉण दीक्षा भट्ट ने कहा कि भारतीय पौराणिक परंपराओं में पशु सदैव देवताओं और देवी.देवताओं के वाहक एवं अभिन्न अंग के रूप में दर्शाए गए हैं। इन कथाओं का उद्देश्य केवल पूजा नहींए बल्कि उनके संरक्षण की भावना को जागृत करना था। यदि हम उन्हें पूजनीय मानते हैंए तो उनका संरक्षण करना भी हमारा कर्तव्य है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनीशा भार्गव और ऋद्धि चतुर्वेदी को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान सुमीक्षा जैन और आस्था पराशर को मिलाए जबकि तृतीय स्थान छवि चिड़ारए सोनाक्षी यादवए भावना यादव और राजेश्वरी शाक्य ;बीएससीण तृतीय वर्षद्ध ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेषज्ञ व्याख्यान भी आयोजित किया गयाए जिसमें सर्प विशेषज्ञ हिमांशु जैन ;स्नेक रेस्क्यूरद्ध को आमंत्रित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को विषैले एवं अ.विषैले साँपों की पहचानए उनके महत्व और संरक्षण के विषय में जागरूक किया। श्री हिमांशु ने कहा कि साँप पारिस्थितिक तंत्र की खाद्य श्रृंखला में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भयवश इनकी हत्या नहीं की जानी चाहिए। यदि हम विषैले और अ.विषैले साँपों में अंतर पहचान सकेंए तो हम स्वयं की सुरक्षा के साथ.साथ इन उपयोगी जीवों का भी संरक्षण कर सकते हैं । कार्यक्रम में लगभग 70 विद्यार्थी उपस्थित रहे और सभी ने इस जागरूकता व्याख्यान से लाभ प्राप्त किया। इस मौके पर इको क्लब की सदस्य मोनिका नामदेवए प्रवीण कौशिक संगीता अहिरवार आदि रहे मौजूद।